https://universitynews.in/

Roll No. ....

ED–2327

M. A. (Final) EXAMINATION, 2021

HINDI

Paper Seventh

(भाषा विज्ञान एवं हिन्दी भाषा)

Time : Three Hours

Maximum Marks : 100

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य है।

1. भाषा को परिभाषित करते हुए उसके अभिलक्षण को समझाइए। 15

अथवा

स्वन विज्ञान का स्वरूप स्पष्ट करते हुए वाग्वयव और उसके कार्यों को समझाइए।

2. अर्थ की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए अर्थ परिवर्तन के कारणों की विवेचना कीजिए। 15

अथवा

साहित्य के शिक्षण में भाषा विज्ञान की उपयोगिता पर एक निबन्ध लिखिए।

3. मध्यकालीन भारतीय आर्य भाषाओं का संक्षिप्त विवरण दीजिए। 15

अथवा

पूर्वी हिन्दी की विभिन्न बोलियों का उद्भव एवं विकास बताते हुए उनकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

P. T. O.

https://universitynews.in/

https://universitynews.in/

4. शिक्षा के विकास में कम्प्यूटर की उपयोगिता प्रमाणित कीजिए। 15

अथवा

देवनागरी लिपि की वैज्ञानिकता पर अपने विचार प्रकट कीजिए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच पर टिप्पणियाँ लिखिए : प्रत्येक 20

(क) रूपिम की अवधारणा

(ख) वाक्य के भेद

(ग) भाषा और बोली में अन्तर

(घ) पदक्रम और अन्विति

(ङ) मशीनी अनुवाद

(च) राजभाषा के रूप में हिन्दी

(छ) हिन्दी की संवैधानिक स्थिति

6. निम्नलिखित में से किन्हीं बीस प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए।

प्रत्येक 20

(i) भाषा की लघुतम इकाई क्या है ?

(ii) 'ट' वर्गीय ध्वनियों के उच्चारण स्थान को भषा विज्ञान में किस नाम से जाना जाता है ?

(iii) प, फ, ब मुख के किस अंग से उच्चरित होते हैं ?

(iv) यादृच्छिकता का अर्थ बताइए।

(v) संरचना की दृष्टि से रूपिम के कितने भेद होते हैं ?

(vi) 'कुशल' शब्द में कौन-सा अर्थ परिवर्तन हुआ है ?

(vii) वाक्य की रचना के आधार पर वाक्य के कितने भेद होते हैं ?

(viii) निम्नलिखित भाषा के विकास को काल क्रम में लिखिए :

प्राकृत, पालि, अपभ्रंश, वैदिक संस्कृत, हिन्दी

(ix) 'सीता ने कहा कि मैं अकेली नहीं रहूँगी' कौन सा वाक्य है ?

https://universitynews.in

https://universitynews.in/

https://universitynews.in/

(x) 'अभिज्ञान शाकुन्तलम' के रचनाकार का नाम बताइए।

(xi) 'बुन्देलखण्डी' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया ?

(xii) सर्वनाम का शाब्दिक अर्थ क्या है ?

(xiii) 'यथाशक्ति' में कौन-सा समास है ?

(xiv) 'प्रति' उपसर्ग से दो शब्द बनाइए।

(xv) 'कम्प्यूटर का जनक' किसे कहा जाता है ?

(xvi) रविन्द्रनाथ मूलतः किस भाषा के लेखक हैं ?

(xvii) 'छत्र प्रकाश' ग्रंथ किस बोली में लिखा गया ?

(xviii) पश्चिमी हिन्दी का विकास किस अपभ्रंश से हुआ ?

(xix) 'गाहा सतसई रावणवहों, किस भाषा की रचना है ?

(xx) पंजाबी का मूल अर्थ बताइए।

(xxi) P. T. O. का पूर्ण रूप लिखिए।

(xxii) वाग्यंत्र मानव शरीर के किस अंग में स्थित हैं ?

(xxiii) जो शब्द संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होते हैं ? उन्हें क्या कहते हैं ?

(xxiv) 'आई' प्रत्यय से एक शब्द बनाइए।

https://universitynews.in

https://universitynews.in/